Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **सिरोही में रीको का वरिष्ठ सहायक 8 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *01 अगस्त।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर सिरोही इकाई द्वारा आज सोमवार को कार्यवाही करते हुये जलील खान वरिष्ठ सहायक, कार्यालय सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, रीको लिमिटेड सिरोही को परिवादी से 8 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की सिरोही इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके तथा उसके परिचित के औद्योगिक भूखण्ड की लीज डीड जारी करने की एवज में जलील खान वरिष्ठ सहायक, कार्यालय सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, रीको लिमिटेड सिरोही द्वारा दोनों प्रकरणों के 8 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी सिरोही इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नारायण सिंह राजपुरोहित** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये जलील खान पुत्र श्री जान मोहम्मद निवासी अजयपुरा, सिरोही रोड़, पिण्डवाड़ा, तहसील पिण्डवाड़ा, जिला सिरोही हाल वरिष्ठ सहायक, कार्यालय सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, रीको लिमिटेड सिरोही को परिवादी से **8 हजार रुपये की रिश्वत** लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के आवास एवं अन्य ठिकानों की ए.सी.बी. टीमों द्वारा तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।